# नोट शीट

**मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी**

महोदय,

दिनांक 12-02-2024 को जल जीवन मिशन के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण), सभी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक तथा डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन फेज -2 तथा फेज-5 में स्वीकृत परियोजनाओं की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए ।

समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर दाईं ओर संलग्न है। कृपया अनुमोदित करना चाहें ।

05/02/24

(संजय कुमार जयसवाल)
अधिशासी अभियंता
उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण),
संतकबीरनगर।

5.3.24
CDO

जिलाधिकारी
सन्त कबीर नगर

Scanned with OKEN Scanner

# दिनांक 12-02-2024 को जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 12-02-2024 को जल जीवन मिशन फेज-2 व फेज-5 से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण), इं० पुष्कर सिंह, परियोजना प्रबंधक, जैक्सन-विश्वराज प्रा० लि०, इं० जगन, परियोजना प्रबंधक, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, इं० बृजेश सिंह, डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, श्री ओ०पी० तिवारी, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू० उपस्थित रहे। जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात कार्यदायी फर्मों की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

1. **कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद)**

- ❖ जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लि, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 449 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना था। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 171 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है।
- ❖ अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को सभी 171 परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध करा दिया गया है तथा फर्म द्वारा इन सभी पर ट्यूबवेल ड्रिलिंग का कार्य भी कर लिया गया है। अपितु फर्म द्वारा कतिपय कार्यस्थलों पर बीच-बीच में कार्य बंद किए जाने पर , पुनः भूमि विवाद उत्पन्न हो जा रहा है।
- ❖ अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 23 मार्च 2023 थी तथा समयवृद्धि के उपरांत 30 जून 2024 निर्धारित है। परंतु फर्म द्वारा अपने प्रस्तुतीकरण में planned finish date 13 अक्टूबर 2024 दर्शाया गया।
- ❖ कम्पोनन्ट-वार प्रगति समीक्षा में पाया गया कि पम्प हाउस एवं ओवरहेड टैंक की प्रगति अत्यंत कम है। 179 स्वीकृत पम्प हाउस के सापेक्ष 72 पूर्ण हैं । इसी प्रकार 171 स्वीकृत ओवरहेड टैंक के सापेक्ष अभी तक मात्र 4 पूर्ण है।
- ❖ अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रतिदिन औसत 300 मैनपावर लगाया गया है। जबकि 171 परियोजनाओं के ओवरहेड टैंक पर समानांतर कार्य करने हेतु न्यूनतम 900 मैनपावर लगाया जाना आवश्यक है।

फर्म को विगत एक वर्ष पूर्व से ही प्री-कास्ट ओवर हेड टैंक निर्माण हेतु निर्देशित किया जाता रहा है। परंतु अभी तक प्री-कास्ट ओवर हेड टैंक निर्माण भी नहीं प्रारंभ हुआ। इस पर परियोजना प्रबंधक, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० द्वारा बताया गया कि मण्डल के तीनों जनपद में प्री-कास्ट विधि से टैंक निर्माण हेतु, जनपद बस्ती में प्री-कास्ट

Scanned with OKEN Scanner

यार्ड एवं RMC प्लांट स्थापित किया गया है तथा 15 फरवरी 2024 तक जनपद संतकबीरनगर के लिए आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगा।

- फर्म द्वारा 117 परियोजनाओं पर जलापूर्ति प्रारंभ की गई। परंतु अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि स्थलीय निरीक्षण में अधिकतम परियोजनाओं पर नियमित जलापूर्ति नहीं होने की शिकायत मिल रही है।
- अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा समस्त जनपद के अधिशासी अभियंता एवं समस्त कार्यादायी एजेंसी की प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जा रही है। जिसमें धीमी प्रगति की वजह से मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० पर कुल 4 प्रतिशत liquidated damages की पेनल्टी लगाई गई है। परंतु इसके उपरांत भी कार्य गति में अपेक्षित सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।
- फर्म द्वारा स्वयं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार माह जनवरी 2024 में 5 ट्यूबवेल, 34 पम्प हाउस, 20 km पाइपलाइन तथा 20 ओवर हेड टैंक पूर्ण किया जाना था, जिसके सापेक्ष क्रमशः 1 ट्यूबवेल, 5 पम्प हाउस, 3 km पाइपलाइन तथा 1 ओवर हेड टैंक पूर्ण किया गया।
- परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार कुल एवं साप्ताहिक प्रगति निम्नानुसार है-

| Sn | COMPONENT | TARGET | PROGRESS | | | | | PROGRESS % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Completed | | Work in progress | | Unstarted | Completed | Work in progress | Unstarted |
| | | | Total | This Week | Total | This Week | | | | |
| 1 | TUBEWELL | 179 No. | 175 | 1 | 4 | 1 | 0 | 97.76% | 2.23% | 0% |
| 2 | PUMP HOUSE | 179 No. | 72 | 1 | 49 | 5 | 58 | 40.22% | 27.37% | 32.40% |
| 3 | PIPELINE | 1406 km | 1335 | 3 | 71 | 15 | 0 | 94.95% | 5.04% | 0% |
| 4 | OVERHEAD TANK | 171 No. | 4 | 1 | 129 | 1 | 38 | 2.92% | 75.43% | 22.22% |
| 5 | HOUSE CONNECTION | 56030 No. | 33983 | 100 | 22047 | 1500 | 0 | 60.65% | 39.34% | 0% |
| | | | | | | | | | | |
| A | Direct water supply | 171 Schemes | 109 | | | | | 57 | | |
| B | 100 % commissioning | 171 Schemes | 0 | | | | | 0 | | |
| | | | | | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| C | Road Reinstatement | Total Dismantling qty- 444434 sqm | Total Reinstatement Done- 198950 Sqm | Progress- 45 % |

- कार्यादायी फर्म- मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा०, हैदराबाद की अत्यंत धीमी प्रगति एवं पर्याप्त मैनपावर नहीं होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी फर्म के विरुद्ध उनके स्तर स्तर से प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ०प्र० शासन को पत्र प्रेषित कराएं।

2. <u>कार्यदायी फर्म (जैक्सन-विश्वराज जे०वी०, नई दिल्ली)</u>

- जल जीवन मिशन फेज-5 के अन्तर्गत चयनित फर्म जैक्शन- विश्वराज (ज्वाइंट वेन्चर), नई दिल्ली को कुल 807 राजस्व ग्राम आवंटित है, जिसके सापेक्ष 807 राजस्व ग्रामों को सम्मिलत करते हुए 290 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 267 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है।
- अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि शेष परियोजनाओं पर भूमि विवाद अथवा अनुपलब्धता के कारण कार्य अनारंभ है। अपितु फर्म द्वारा कतिपय कार्यस्थलों पर बीच-बीच में कार्य बंद किए जाने पर , पुनः भूमि विवाद उत्पन्न हो जा रहा है।

  जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शुक्रवार को उनकी अध्यक्षता में आयोजित भूमि संबंधित बैठक में लंबित प्रकरण प्रस्तुत कर निस्तारित कराएं।
- अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 25 अक्टूबर 2024 है। फर्म के परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया कि समस्त परियोजनाएं निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लिया जाएगा।

  अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि नियत तिथि तक कार्य पूर्ण करने हेतु फर्म को सभी कम्पोनन्ट पर समानांतर कार्य करने तथा संसाधन बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।
- कम्पोनन्ट-वार प्रगति समीक्षा में पाया गया कि पम्प हाउस एवं ओवरहेड टैंक की प्रगति कम है। 312 स्वीकृत पम्प हाउस के सापेक्ष 46 पूर्ण हैं। इसी प्रकार 290 स्वीकृत ओवरहेड टैंक के सापेक्ष अभी तक मात्र 0 पूर्ण है।
- अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रतिदिन औसत 1100 मैनपावर लगाया गया है। जबकि 290 परियोजनाओं के ओवरहेड टैंक पर समानांतर कार्य करने हेतु न्यूनतम 1500 मैनपावर लगाया जाना आवश्यक है।
- फर्म द्वारा 06 परियोजनाओं पर सीधे ट्यूबवेल से जलापूर्ति प्रारंभ की गई। निर्देशित किया गया कि पाइपलाइन एवं हाउस कनेक्शन का कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण कर अधिकतम परियोजनाओं पर जलापूर्ति प्रारंभ कराएं।

Scanned with OKEN Scanner

❖ फर्म द्वारा स्वयं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार माह जनवरी 2024 में 20 ट्यूबवेल, 15 पम्प हाउस तथा 220 km पाइपलाइन पूर्ण किया जाना था, जिसके सापेक्ष क्रमशः 11 ट्यूबवेल, 17 पम्प हाउस तथा 194 km पाइपलाइन पूर्ण किया गया।

❖ परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार कुल एवं साप्ताहिक प्रगति निम्नानुसार है-

| Sn | COMPONENT | TARGET | PROGRESS | | | | | PROGRESS % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Completed | | Work in progress | | Unstarted | Completed | Work in progress | Unstarted |
| | | | Total | This Week | Total | This Week | | | | |
| 1 | TUBEWELL | 312 No. | 201 | 4 | 9 | 9 | 102 | 64.42% | 0.64% | 32.69% |
| 2 | PUMP HOUSE | 312 No. | 46 | 2 | 44 | 5 | 222 | 14.74% | 1.28% | 71.15% |
| 3 | PIPELINE | 3146 km | 1346 | 70 | 35 | 35 | 1765 | 42.78% | 2.07% | 56.10% |
| 4 | OVERHEAD TANK | 290 No. | - | - | 35 | 2 | 255 | 0% | 1.38% | 87.93% |
| 5 | HOUSE CONNECTION | 155805 No. | 13431 | 1043 | - | - | 142374 | 8.62% | 0% | 91.38% |
| A | Direct water supply | 290 Schemes | 06 | | | | | 2.07% | | |
| B | 100 % commissioning | 290 Schemes | 0 | | | | | 0 | | |
| C | Road Reinstatement | Total Dismantling qty- 80500 | | | Total Reinstatement Done- 52100 | | | Progress- 64.72 % | | |

3. **<u>डी0पी0एम0यू0 (Arvee Associates)</u>**

❖ जिलाधिकारी महोदय द्वारा डी0पी0एम0यू0 के ड्रिस्ट्रिक्ट कोओर्डिनेटर श्री ओ0पी0 तिवारी को निर्देशित किया गया कि अपनी टीम के सहयोग से समस्त उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर एक सप्ताह में भूमि विबाद के लंबित प्रकरणों को निस्तारित करायें।

❖ ड्रिस्ट्रिक्ट कोओर्डिनेटर श्री ओ0पी0 तिवारी को निर्देशित किया गया कि वृक्ष कटान संबंधित लंबित प्रकरणों में व्यक्तिगत रुचि लेकर एक सप्ताह में निस्तारित कराएं।

4. **<u>थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी (Fichtner Consulting Engineers Ltd.)</u>**

❖ टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0- श्री बृजेश कुमार द्वारा बताया गया गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं बिल सत्यापन हेतु इनके पास इंजीनियर एवं सुपरवाइजर की कुल संख्या- 11 मैनपावर की टीम है। जिस पर

Scanned with OKEN Scanner

अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि सभी परियोजनाओं पर समानांतर कार्य होने की दशा में यह संख्या quality control हेतु पर्याप्त नहीं है।

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि टी0पी0आई0 के कार्यों का दैनिक अनुश्रवण हेतु प्रत्येक इंजीनियर द्वारा भ्रमण किये गये कार्य स्थल का विवरण, प्रारूप निर्धारित कर प्रतिदिन प्राप्त करायें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर तत्काल Non-conformance रिपोर्ट जारी करें तथा साप्ताहिक समीक्षा बैठक में फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करें।

(संत कुमार)
मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर

खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।

पत्रांक- / / दिनांक-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. मंडलायुक्त महोदय, बस्ती मण्डल को सादर अवलोकनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
4. पी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०।
5. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
6. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
7. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर

Scanned with OKEN Scanner